# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com


पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 /2398/ 2023 दिनांकः 27सितम्बर, 2023

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय के पत्रांक आर0एम0पी0यू0 / 2375 / 2023 दिनांक 22.09.2023 द्वारा सत्र 2023–24 के विषम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। उक्त परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म महाविद्यालय की लॉगइन आईडी के माध्यम से भरे जायेंगे। परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया में परिवर्तन किया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

### स्नातक प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रियाः–

**प्रथम चरण** (Step-1): महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्रों का डब्ल्यू0आर0एन0 (WRN) चयन करके एम0आई0एस0 (MIS) जनरेट किया जायेगा।

**द्वितीय चरण** (Step-2): महाविद्यालयों की लॉगइन आईडी से जनरेट किये गये एम0आई0एस0 का निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जायेगा।

**तृतीय चरण** (Step-3): महाविद्यालय द्वारा एम0आई0एस0 जनरेट करके जमा किये गये निर्धारित परीक्षा शुल्क के पश्चात् ही परीक्षा फार्म खुलेगा, जिसे महाविद्यालय द्वारा डब्ल्यू0आर0एन0 (WRN) की सहायता से खोलकर भरा व सुरक्षित (SAVE) किया जायेगा। भरे गये परीक्षा फार्मो को सुरक्षित (SAVE) किया जाना अनिवार्य है। सुरक्षित (SAVE) न करने की स्थिति में प्रवेश–पत्र जनरेट नहीं होगा।

### स्नातक तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रियाः–

**प्रथम चरण** (Step-1): महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्रों का रोल नम्बर के माध्यम से एम0आई0एस0 (MIS) जनरेट किया जायेगा।

**द्वितीय चरण** (Step-2): महाविद्यालयों की लॉगइन आईडी से जनरेट किये गये एम0आई0एस0 (MIS) का निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जायेगा।

**तृतीय चरण** (Step-3): महाविद्यालय द्वारा एम0आई0एस0 जनरेट करके जमा किये गये निर्धारित परीक्षा शुल्क के पश्चात् ही परीक्षा फार्म खुलेगा, जिसे महाविद्यालय द्वारा रोल नम्बर की सहायता से खोलकर माइनर और वोकेशनल प्रश्न–पत्रों का चयन किया जायेगा। तदोपरान्त भरे गये परीक्षा फार्म को सुरक्षित (SAVE) किया जायेगा। भरे गये परीक्षा फार्मो को सुरक्षित (SAVE) किया जाना अनिवार्य है। सुरक्षित (SAVE) न करने की स्थिति में प्रवेश–पत्र जनरेट नहीं होगा।

### स्नातक पंचम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रियाः–

**प्रथम चरणः** (Step-1): महाविद्यालयों में प्रवेशित एन0ई0पी0 पाठ्यक्रमों के प्रत्येक विद्यार्थी का रोल नम्बर के माध्यम से विद्यार्थी के मेजर विषयों में से किन्ही दो मेजर विषयों का चयन किया जायेगा। नॉन एन0ई0पी0 पाठ्यक्रमों में केवल वैकल्पिक प्रश्न–पत्र का चयन किया जायेगा।

**द्वितीय चरण** (Step-2): विद्यार्थी द्वारा मेजर विषयों के चयन के पश्चात् उसका रोल नम्बर महाविद्यालय की लॉगइन पर उपलब्ध भरे गये विषयों (Fill List) की सूची में प्रदर्शित होगा। इस सूची से रोल नम्बर चयन करके उसका एम0आई0एस0 (MIS) जनरेट किया जायेगा।

**तृतीय चरण** (Step-3): महाविद्यालयों की लॉगइन आईडी से जनरेट किये गये एम0आई0एस0 (MIS) का निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जायेगा।

Scanned with CamScanner

**चतुर्थ चरण (Step-4):** महाविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के पश्चात् परीक्षा फार्म खुलेगा, जिसे महाविद्यालय द्वारा रोल नम्बर की सहायता से परीक्षा फार्म में प्रश्न–पत्रों का चयन किया जायेगा। तदोपरान्त भरे गये परीक्षा फार्म को सुरक्षित (SAVE) किया जायेगा। भरे गये परीक्षा फार्मो को सुरक्षित (SAVE) किया जाना अनिवार्य है। सुरक्षित (SAVE) न करने की स्थिति में प्रवेश–पत्र जनरेट नहीं होगा।

**परास्नातक तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रियाः–**

**प्रथम चरण (Step-1):** महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्रों का रोल नम्बर के माध्यम से एम0आई0एस0 (MIS) जनरेट किया जायेगा।

**द्वितीय चरण (Step-2):** महाविद्यालयों की लॉगइन आईडी से जनरेट किये गये एम0आई0एस0 (MIS) का निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जायेगा।

**तृतीय चरण (Step-3):** महाविद्यालय द्वारा एम0आई0एस0 जनरेट करके जमा किये गये निर्धारित परीक्षा शुल्क के पश्चात् ही परीक्षा फार्म खुलेगा, जिसे महाविद्यालय द्वारा रोल नम्बर की सहायता से वैकल्पिक प्रश्न–पत्रों का चयन किया जायेगा। तदोपरान्त भरे गये परीक्षा फार्म को सुरक्षित (SAVE) किया जायेगा। भरे गये परीक्षा फार्मो को सुरक्षित (SAVE) किया जाना अनिवार्य है। सुरक्षित (SAVE) न करने की स्थिति में प्रवेश–पत्र जनरेट नहीं होगा।

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार सत्र 2023–24 विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म उपर्युक्त प्रक्रिया द्वारा भरा जायेगा। परीक्षा फार्म भरने हेतु दिनांक 28.09.2023 से दिनांक 08.10.2023 तक महाविद्यालय की लॉगइन आई0डी0 के माध्यम से एम0आई0एस0 (MIS) जनरेट करके परीक्षा शुल्क जमा करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जायेगा। परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 10.10.2023 निर्धारित की जाती है।

27/9/23
(डा0 महेश कुमार)
**कुलसचिव**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
02. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
03. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा/अलीगढ़।
04. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
05. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं महाविद्यालय लॉगइन पर अपलोड किये जाने हेतु।
06. स्थानीय सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशन किये जाने हेतु।
07. गार्ड फाइल।

27.09.23
**सहा0 कुलसचिव**

Scanned with CamScanner